# शासकीय महाविद्यालय रासेयों द्वारा किया गया एक दिवसीय शिविर का आयोजन




**चंद्रिका कुशवाहा, अमर स्तम्भ न्यूज,सूरजपुर।** आज शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर के रासेयों इकाई ने गोद ग्राम गिरवरगंज में एक दिवसीय शिविर आयोजित की गई। शिविर में सुभाष चंद्र बोस की 125 वी जयंती के अवसर पर ग्राम की सरपंच श्रीमती संतोषी सिंह की अध्यक्षता मे प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी श्री डीपी कोरी ने सुभाष चंद्र बोस को याद किए और उसके जीवनी पर प्रकाश डाला तत्पश्चात शासकीय प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल परिसर में स्वच्छता का कार्य किया गया। जहा ग्राम में सड़क के दोनों किनारे पाउच, पन्नी को जलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया एवं ग्राम में ही हैंडपंप के साफ सफई किया गया। ग्राम में सुभाष चंद्र बोस की नारों के साथ रैली निकाली गई एवं ग्राम में ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे सैला नृत्य के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर गौरी राजवाड़े, रुपेश, गायत्री, सुषमा, संजय, मनोज मौर्य, सत्यम, नित्यानंद, सुनील, संदीप सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में केरियर गाइडेंस का ऑनलाइन व्याख्यान




चंद्रिका कुशवाहा सूरजपुर ब्यूरो (अमर स्तम्भ)।आज शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में छात्र छात्राओं को अपना कैरियर कैसे बनाया जाए इस संदर्भ में ऑनलाइन व्याख्यान हुआ ।संस्था के प्राचार्य डॉ. पी एन सिंह द्वारा लव वर्मा का स्वागत किया गया शासकीय महाविद्यालय पांडा तराई के अतिथि व्याख्याता लव कुमार वर्मा प्राणी शास्त्र के द्वारा बहुत ही अच्छे ढंग से विभिन्न स्लाइड के माध्यम से छात्र छात्राओं को ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। छात्र छात्राओं ने अपनी जिज्ञासा प्रकट की जिनका भी समाधान लव वर्मा के द्वारा किया गया व्यापम पीएससी यूपीएससी आदि संस्था के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जाती है। इस संबंध में भी विस्तृत व्याख्यान करके छात्र छात्राओं की जिज्ञासा का समाधान किया गया। व्याख्यान सत्र में डॉ राजेश सिंह डॉ. कुंतल किशोर, डॉ प्रदीप कुमार, प्रो. प्रियंका भगत अंकुश सिंह सिसोदिया मृदुलता शर्मा आरती दीक्षित जूही कश्यप स्वाति यादव रजनीश सिंह प्रवीण कुमार महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राएं उपस्थित थे। लव कुमार वर्मा का आभार प्रदर्शन केरियर गाइडेंस के संयोजक प्रो. डी पी कोरी के द्वारा किया गया। व्याख्यान सत्र छात्र छात्राओं के लिए लाभ वर्धक एवं उपयोगी रहा।

# शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में केरियर मार्गदर्शन का हुआ आयोजन

**चंद्रिका कुशवाहा**






सूरजपुर ब्यूरो (अमर स्तम्भ)। आज शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में छात्र छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित मार्गदर्शन दिया गया। महाविद्यालय से पुराने छात्र जीवन शासकीय पद पर कार्यरत है तथा जो छात्र प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे हैं मानसाय के द्वारा भी महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन दिया गया महाविद्यालय के प्रोफ़ेसर सुश्री प्रियंका भगत सुश्री मनीषा अंजलि तिर्की शशि शेखर राय अतिथि व्याख्याता में अंकुश सिंह के द्वारा भी छात्र छात्राओं को लाभान्वित किए। केरियर गाइडेंस के समन्वयक प्रो डी पी कोरी ने बताया की समय-समय पर महाविद्यालय में छात्र छात्राओं का कैरियर बनाने हेतु एवं कौशल विकास के लिए कक्षाएं होती रहती हैं ।जिससे महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा तैयारी के लिए मार्गदर्शन देते रहते हैं एसएससी व्यापम लोक सेवा आयोग एवं संघ लोक सेवा आयोग के द्वारा विभिन्न परीक्षा कराए जाते हैं उसके संबंध में नियमावली तथा छात्र छात्राओं को प्रेरणा करते रहते हैं इस अवसर पर महाविद्यालय के तीनों संकाय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे छात्र छात्राओं के द्वारा जिज्ञासा प्रगट किया गया तथा उनका समाधान भी किया गया।

# महाविद्यालय विश्रामपुर में मतदाता जागरूकता की रैली निकाली गई

**चंद्रिका कुशवाहा**



सूरजपुर ब्यूरो (अमर स्तम्भ)। आज शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा ग्राम गोरखनाथ पुर में मतदाता जागरूकता की रैली निकाली गई स्वयंसेवकों के द्वारा हाथ में तख्ती लिए हुए गांव की गली गली मैं स्लोगन के माध्यम से ग्रामवासी को मतदान के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर डीपी कोरी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय से प्रारंभ होकर गोरखनाथ पुरके सभी गली में अधिक संख्या में स्वयंसेवकों के साथ जागरूकता अभियान किया इस अवसर पर हिंदी के प्राध्यापक प्रो प्रियंका भगत स्वयंसेवकों में नित्यानंद मनोज मौर्य लल्लूराम आरती जगलाल सोनू सिंह तुलसी मनीष अनीता आकृति लक्ष्मी संतोषी उमावती सुशीला खुशबू नागेश्वरी मधु प्रियंका शिल्पा ज्योति राजवाड़े प्रतिभा रवि सुनीता सिंह आदि अनेक स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# गुड टच एवं बैड टच के लिए जागरूकता रैली



**अंबिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा यूनिसेफ के तत्वाधान में ब्लू ब्रिगेड टीम ने कमलपुर ग्राम एवं सिलफिली में पर्सनल हाइजिंग के साथ गुड टच एवं बैड टच के लिए जागरूकता रैली निकाली। रायपुर से आई यूनिसेफ टीम के निरीक्षण के दौरान एनएसएस यूनिट के द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र यादव पारा सिलफिली एवं पूर्व माध्यमिक शाला कमलपुर ग्राम में छात्रों एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं को बच्चों पर हो रहे शारीरिक एवं मानसिक आघात गुड टच बैड टच यौन शोषण एवं बाल अपराध जैसे संवेदनशील सामाजिक बुराई के प्रति जागरूक किया गया। इस गतिविधि में शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर वीणा कन्या महाविद्यालय के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिलफिली के स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। एनएसएस के चारों यूनिट द्वारा अलग-अलग स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम के समापन में यूनिसेफ की टीम एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ अनिल सिन्हा द्वारा एनएसएस के छात्रों को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति सजग एवं जागरूक रहने को कहा गया। संपूर्ण कार्यक्रम का नेतृत्व अमित सिंह बनाफर सहायक प्राध्यापक, राकेश पटवा एवं दीपा प्रजापति ने किया।

# महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

**चंद्रिका कुशवाहा**




सूरजपुर ब्यूरो (अमर स्तम्भ)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा महाविद्यालय में कार्यरत महिला अधिकारी एवं कर्मचारी को साल श्रीफल से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो डीपी कोरी ने बताया कि 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में सेमिनार हॉल में सभी महिला प्राध्यापक एवं कर्मचारी को स्नेह पूर्ण सम्मानित किया गया राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा माथे पर कुमकुम लगाकर एवं पुष्प गुच्छ से अभिनंदन किया गया ।संजय कुशवाहा लल्लूराम मुकुल पाठक आस्था पाठक के द्वारा महिला दिवस के बारे में विचार व्यक्त किया गया ।डी पी कोरी सर के द्वारा कविता का पाठ करके महिला को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रो डी पी कोरी ने किया । दल नायक मनोज मौर्य ने आभार व्यक्त किया। संस्था के प्राचार्य डॉ पी एन सिंह ने सभी महिला प्राध्यापक को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम में महिला प्राध्यापक प्रो प्रियंका भगत अंजलि मनीषा तिर्की जूही कश्यप स्वाति यादव रजनी सिंह एवं कर्मचारी में श्रीमती परमिला उपस्थित थे ।स्वयंसेवकों में संजय कुशवाहा मनोज मौर्य नित्यानंद लल्लूराम यशवंती सी सदा रजवाड़े आरती मुकुल आस्था जगलाल आदि अनेक स्वयंसेवकएवं अतिथि व्याख्याता अंकुश सिंह सिसोदिया उपस्थित थे।

आयोजन **शासकीय महाविद्यालय में एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्यक्रम**

# नशे के कारण समाज में आ रही है विकृति : मनोज जायसवाल

**बिश्रामपुर (नईदुनिया न्यूज)।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नगर के शासकीय महाविद्यालय में एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को नशे की लत से होने वाले नुकसान से अवगत कराते हुए उन्हें संबंधित कानूनों के विस्तार से जानकारी दी गई।

नगर के शासकीय महाविद्यालय में जिला बाल संरक्षण विभाग द्वारा शहीद दिवस पर आयोजित एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने नशा मुक्त भारत अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि तेजी से पनप रहे नशे के कारण समाज में विकृति आ रही है। देश का भविष्य कही जाने वाली युवा पीढ़ी तेजी से नशे की चपेट




अतिथियों को दिया गया स्मृति चिह्न ● नईदुनिया

में आ रही है, जो चिंता का कारण है। नशे की लत जहां एक और लक्ष्य प्राप्ति में बाधक बन रही है। वही परिवार की बर्बादी का कारण भी बन रही है। युवा पीढ़ी दिग्भ्रमित होकर नशे की लत की शिकार हो रही है। गुटखा पाउच की बढ़ती लत कैंसर रोग की संभावना को बढ़ाती है। नशे के कारण युवाओं की सारी क्षमता क्षीण होती जा रही है। ऐसे में हम सभी का नैतिक दायित्व है कि जागरण अभियान के माध्यम से हम समाज में तेजी से पनप रहे नशे की लत को रोकने की हरसंभव कोशिश करें। तभी परिवार समाज और देश का विकास संभव है।

थाना प्रभारी शिवकुमार खूंटे ने भी युवाओं में नशे की बढ़ती लत पर चिंता व्यक्त करते हुए नशे को बढ़ते अपराध का मुख्य कारण बताया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं महिलाओं से संबंधित कानूनों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आप सभी देश का भविष्य है। नशा पान से दूर रहकर अपने लक्ष्य प्राप्ति के मार्ग को एकाग्र चित्त होकर पाने की हर संभव कोशिश करें। विधायक प्रतिनिधि नरेंद्र जैन एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष चंदन सिंह ने भी नशा को नाश का कारण बताते हुए नशा पान से दूर रहने की बात कही। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं नगर थाना प्रभारी ने छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डा. पीएन सिंह, जनभागीदारी समिति सदस्य विकास सिंह व प्रधान आरक्षक आनंद सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्रोफेसर डीपी कोरी ने किया।

### पुस्तक का विमोचन

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कोविड वैक्सीनेशन के लिए चलाए गए अभियान को लेकर कोविड वैक्सीन के सकारात्मक प्रभाव विषय पर प्रकाशित पुस्तक का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया।

# पल्स पोलियो कार्यक्रम में रासेयो कार्यकर्ताओं ने दी सहभागिता

**विश्रामपुर (नईदुनिया न्यूज)।** रविवार को नगर के शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय कार्यक्रम पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया गया। नगर के माइनस कालोनी समेत ग्राम कुंजनगर, कंदरेई, कोरिया, हर्राटिकरा में ब्लू ब्रिगेड के स्वयंसेवक आंगनवाड़ी एवं स्वास्थ्य केंद्र में जाकर टीकाकरण में निस्वार्थ सेवा दे रहे हैं। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. डीपी कोरी के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने जनकल्याण की कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर के हिस्सा ले रहे हैं। आरती, यशवंती, सरिता राजवाड़े, मोहनी राजवाड़े, नित्यानंद, संजय कुशवाहा, मनोज मौर्य आदि स्वयंसेवकों ने पल्स पोलियो कार्यक्रम में सेवा प्रदान की।


टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ता।

# राष्ट्रीय सेवा योजना में उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रो. डीपी कोरी हुए सम्मानित

**चंद्रिका कुशवाहा**






सूरजपुर ब्यूरो (अमर स्तम्भ)। विगत दिनों संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर के द्वारा शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर के प्रो डीपी कोरी को राष्ट्रीय सेवा योजना में उल्लेखनीय कार्य के लिए सत्र 2021 22 का उत्कृष्ट कार्यक्रम अधिकारी से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही महाविद्यालय के बीए के छात्रा कुमारी यशोदा राजवाड़े को उत्कृष्ट स्वयंसेवक के द्वारा सम्मानित किया गया विश्वविद्यालय के सभागार में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.अशोक सिंह ने प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया इस अवसर पर राज्य के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रमुख डॉ अमरेंद्र सिंह पदेन उप सचिव उच्च शिक्षा विभाग विश्वविद्यालय के कुलसचिव विनोद एकका, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्यक डॉ. अनिल सिन्हा, राज्य के एनएसएस सलाहकार श्री मिश्र जी ,सभी जिलो की जिला संगठक, विभिन्न महाविद्यालय एवं स्कूल के कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे इस सम्मान के लिए संस्था के प्राचार्य डॉक्टर पी एन सिंह एवं सभी प्राध्यापक प्रो डी पी कोरी एवं यशोदा राजवाड़े को शुभकामनाएं प्रेषित किए है। कार्यक्रम का संचालन जिला कोरिया के जिला संगठक प्रोफ़ेसर एम सी हिमधर ने किया।

# कोविड-19 से बचने के उपाय बताकर ग्रामीणों को कर रहे जागरूक



सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)। यूनिसेफ और राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा प्रायोजित ब्लू ब्रिगेड कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर के स्वयंसेवक निरंतर विभिन्न ग्रामों में भ्रमण कर गांव की जनता को कोविड-१९ से बचने के उपाय बताकर जागरूक किया जा रहा है। महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर डीपी कोरी ने बताया की जिला के अंतर्गत ग्राम गोरखनाथपुर डेडरी, हर्रा टिकरा काशापारा कोरिया ,सपकरा ,केशवनगर, गिरवरगंज तथा तिलाईकछार में स्वयंसेवक लगातार निर्भय होकर गांव के लोगों को जागरूक कर रहे हैं। ग्राम के विभिन्न स्कूलों में बच्चों को पोषण आहार, टीकाकरण में सहयोग कर रहे हैं। नुक्कड़ एवं गीत कविता के माध्यम से भी लोगों को जागरूक कर रहे हैं। विगत दिनों ग्राम तेलाईकछार में ग्राम के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच सचिव और मितानिन का भी सहयोग मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वयंसेवक कुमारी गौरी राजवाड़े, सुषमा गुप्ता, गायत्री शीला, मीणा चेतन, लीलावती, आरती, मनोज, आदि स्वयंसेवक उपस्थित थे।

अमर स्तम्भ (हिन्दी दैनिक)

# राष्ट्रीय सेवा योजना के नव प्रवेश स्वयंसेवकों ने किया उन्मुखीकरण

**चंद्रिका कुशवाहा**






सूरजपुर ब्यूरो (अमर स्तम्भ)। शासकीय महाविद्यालय विश्रामपुर में सत्र 2021- 22 के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना में नए स्वयंसेवकों का उन्मुखीकरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के प्राचार्य डॉ.पी एन सिंह के द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुआ स्वयंसेवकों के द्वारा एनएसएस सॉन्ग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया महाविद्यालय में सत्र 2021 में राष्ट्रीय सेवा योजना के 9 स्वयंसेवकों को सी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया कुमारी गौरी राजवाड़े सीमा सुषमा गायत्री सत्यम राहुल लक्ष्मी रुपेश वर एवं मीना राजवाड़े को प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. डीपी कोरी के द्वारा नव प्रवेशी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला गया संस्था के प्राचार्य डॉ .पीएनसी के द्वारा सभी स्वयंसेवकों को बधाई दिए एवं अपने जीवन में मानव जीवन में सेवा महत्व को बनाए रखने के लिए कहा गया। इसी अवसर पर डॉ कुंतल किशोर ने सभी छात्र छात्राओं को महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया गया ।विभिन्न संकाय के पाठ्यक्रमों को सरल भाषा में समझाया गया। छात्र छात्राओं ने अपने प्रश्न के माध्यम से माध्यम से आश्वस्त हुआ। वरिष्ठ स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में नव प्रवेशी स्वयंसेवकों को विभिन्न शिविर के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता मृदु लता शर्मा आरती दीक्षित स्वाति यादव रजनीश जी जूही कश्यप एवं अंकुश से उपस्थित थे स्वयंसेवकों में संजय कुशवाहा नित्यानंद प्रजापति मनोज मौर्य मुकुल पाठक आस्था गजानन उषा मोहनी रोशनी पुष्पा यशवंती नागेश्वरी लीना जगदीश्वर सुनीता सुनील सिंह फूल सिंह निशा आरती तुलसी लल्लूराम अवंती आदि अधिक संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन कुमारी यशोदा राजवाड़े ने किया।

अमर स्तम्भ (हिन्दी दैनिक)

# गर्भवती महिलाओं व बच्चों को पोषण आहार कार्यक्रम कर किया जागरूक

चंद्रिका कुशवाहा



सूरजपुर ब्यूरो (अमर स्तम्भ)। शासकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वयंसेवकों ने ग्रामीण क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण आहार कार्यक्रम किया। ग्राम कंदरेई के बासपारा आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यक्रम कर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को पोषण संबंधित जानकारी दिया गया स्वयंसेवकों द्वारा लगातार अलग-अलग केंद्र में यह कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बच्चों को जागरूक कर रहे हैं। कार्यक्रम अधिकारी डी पी कोरी ने बताया की हमारे महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा प्रतिवर्ष इसी समय शासन के निर्देशानुसार कार्यक्रम को आयोजित कराते रहते हैं एवं स्वयंसेवकों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले महिलाओं एवं बच्चों को जानकारी देते रहते हैं कुपोषण से किस प्रकार गर्भ में पलने वाले शिशु को रोग हो जाते हैं और कुपोषित होकर गर्भ में ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं इसलिए गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार से संबंधित संतुलित आहार ग्रहण करना चाहिए एवं बच्चों को उनके माता-पिता को समझाया गया उन्हें पोषण से संबंधित जितने भी खाद्य पदार्थ है देते रहना चाहिए। स्वयंसेवकों में मुख्य रूप से यशवंती सिंह, यशोदा राजवाड़े, मोहनी राजवाड़े, लीना राजवाड़े, जगदीश्वर ने लगातार आंगनवाड़ी केंद्र में यह कार्यक्रम कर रहे हैं।

# स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया

सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)। शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के जनभागीदारी सदस्य विकास सिंह के उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर रासेयो प्रकोष्ठ के द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डीपी कोरी को एवं दल नायक कुमारी गौरी राजवाड़े को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में स्वयंसेवकों को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों में चलकर देश सेवा के लिए आह्वान किया।कार्यक्रम में डॉ कुंतल किशोर, डॉ प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, आरआर साहू, चंदन सिंह, मान सिंह सहित सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. डीपी कोरी ने किया। इधर संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अम्बिकापुर सरगुजा (छ०ग०) के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई शासकीय बालक उ०मा०वि० सूरजपुर द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयन्ती राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाया गया। प्राचार्य लेफ सिंह द्वारा स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र पर धुप दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपनी पूरी जिन्दगी मेंयुवा पीढ़ी के लिए कई फैसले लिए जो बच्चों के भविष्य एवं विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उनका मानना था कि युवा ही हमारे भविष्य हैं और हमें उनके लिए ज्यादा ध्यान देना चाहिए।कार्यक्रम को हीरामणि पाण्डेय, गुलाब चन्द साहू, अजय उपाध्याय , दयानन्द चौबे, प्रवीण तिवारी, सुनील कुजूर ने संबोधित किया। इस अवसर पर संस्था से एस.एम. नसीम, सुनील दत्त तिवारी मुकेश सिंह, योगेश पाण्डेय, श्रीमती कमलेश पाण्डेय, श्रीमती रश्मि डेहरिया, श्रीमती रानु सिंह, शिवशंकर कुशवाहा, राबिन्स लकड़ा के साथ -साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक मनिलाल सिंह, नितिन जायसवाल, अनिल पाण्डेय, गुलाब सिंह, आदि मुख्य रुप से उपस्थित थे।

